# बालिका बचाओ-बालिका पढ़ाओ की दिलाई शपथ

■ पांच दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का हुआ समापन

**उदयपुर, (कासं)।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय विकसित भारत 2047 मल्टी मीडिया का भव्य समारोह के साथ समापन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद चुन्नी लाल उपस्थित थे। इस अवसर पर मंच पर सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक पुनीत शर्मा, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक संजय जोशी उपस्थित थे। प्रारंभ में केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि पिछले पाँच दिनों से चल रही प्रदर्शनी का उदयपुर के सभी निजी व राजकीय विद्यार्थियों के अलावा बडी संख्या में नागरिकों ने अवलोकन कर विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता दर्ज की। इसके अलावा यहाँ पर विभिन्न शासकीय योजनाओं पर विशेषज्ञ वक्ताओं के व्याख्यानों का भी आयोजन किया गया था।

सांसद ने कहा कि इस समय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योजनाबद्ध ढंग से भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्रो की श्रेणी में शामिल करने का प्रयत्न किया जा रहा है। इसमें सभी नागरिकों का तन-मन से साथ बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने जाति-धर्म के खाँचो से परे देश के नागरिकों के चार मुख्य वर्ग महिला, युवा, किसान और गरीब बताए हैं। इन सभी वर्गों के सामूहिक विकास से ही देश को विकसित बनाने का लक्ष्य साध्य होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महिलाएं देश की एक बडी ताकत के रूप में उभर कर सामने आएंगी और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम के दौरान मनाये जाने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में सांसद की उपस्थिति में बालिकाओं ने केक काटा। इस अवसर पर दसवीं तथा बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सांसद ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को बालिका बचाओ-बालिका पढाओ की शपथ दिलाई। पिछले पाँच दिनों से स्टॉल के माध्यम से सेवा देने वाले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला व बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, नगर निगम, उदयपुर, डाक विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, ग्राम विकास व पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का सत्कार किया गया। बालिका दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसके अलावा विभिन्न विषयों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। विजेता प्रतिभागियों को विभाग की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर विभाग से पंजीकृत कला समूह लीला देवी तेरा ताली पार्टी के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संचालन फूल सिंह गहलोत ने किया।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला

उदयपुर, (कासं)। दुष्कर्म की शिकार नाबालिग ने बच्ची को जन्म दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी रोशनलाल भील के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडता ने बताया कि आरोपी ने धोखे से मेरे साथ दुष्कर्म किया। इसके चलते गर्भवती होने पर मैने बच्ची को जन्म दिया।पता चलने पर आरोनी ने संपर्क करना बंद कर दिया।

## सीएम भजनलाल शर्मा आज उदयपुर आएंगे

**उदयपुर, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 25 जनवरी से उदयपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे।

जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री 25 जनवरी अपराह्न 2.40 बजे विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर 3.05 बजे सर्किट हाउस आएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शर्मा अपराह्न बाद 3.50 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर सहेलियों की बाड़ी पहुंचकर एट होम कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 5.05 बजे वहां से प्रस्थान कर सर्किट हाउस आएंगे।

## श्रमिक ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना क्षैत्र में श्रमिक ने फैक्ट्री में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षैत्र डाकन कोटड़ा स्थित चपड़ा फेक्ट्री में काम करने वाले केवड़ा खुर्द जावरमाइन्स निवासी नाथू (18)मीणा ने फांसी लगा ली। हेडकांस्टेबल लालसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपा।


**OFFICE OF THE SR. DY. GENERAL MANAGER RIICO UDAIPUR**

No. 6318 Date : 22-01-2025

**PUBLIC NOTICE**

The Licensee INDUS TOWERS LIMITED has submitted application in this office for granting permission for erection/installation of telecom tower aboveground telegraph infrastructure on the land of building or location mentioned below.

| S. No. | Details of location (Name of city, ward no. street name, road name) | Details of Plot no./building/ land/structure | Area in sq. mtr. (in case of tower) or length IN meters (in case of OFC) |
|---|---|---|---|
| 1 | In Parking Area In Front of Shops on Road No.2, Mewar Ind Area RIICO Udaipur (Behind the drain) | In Parking Area In Front of Shops on Road No.2, Mewar Ind Area RIICO Udaipur (Behind the drain) | Area 2x3 = 6 Sqm Latitude 24.570156 Longitude 73.748839 (IN-3298293) |

Therefore, it is hereby informed to all concerned that if, any body has any objection or suggestion on granting permission for installation or establishment of above mentioned telecom infrastructure on the land/location above, he may submit objection or suggestion along with supporting documents before the undersigned during office hours on any working day within 7 days of the publication of this notice.

In absence of any objection/ suggestion within above stipulated time it any be deemed that nobody has objection/suggestion and matter will be disposed off accordingly.

Unit Head
RIICO Udaipur


## मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने शादी समारोह में डीजे बंद करने की बात को लेकर पीडित से मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीडित लक्ष्मण पुत्र रतन मीणा निवासी जोगी तालाब ने गोवर्धन विलास पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि परिवार में शादी होने मैं वहां पर गया था। जहां नरेन्द्र और र्मा निवासी जोगी तालाब हेलडाई फला भी मौजूद थे। इस दौरान नाच गान के लिए डीजे बज रहा था। रात में समय ज्यादा होने पर परिजनों ने डीजे बंद करने की बात कही तो आरोपियों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। चिल्लाने पर भीड इकठ्ठा होने पर आरोपी फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी नरेन्द्र गमेती उर्फ डोलमा उर्फ टोपी पुत्र धर्मा गमेती निवासी हेलडी फला जोगी तालाब गोवर्धन विलास तथा जगदीश गमेती उर्फ जगल्या पुत्र धर्मा गमेती निवासी हेलडी फला जोगी मतालाब को गिरफ्तार किया।

वहीं शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने अवैध एमडीएमए बेचने के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 15 अक्टूबर 2024 को प्रतापनगर थाना एसआई विजेन्द्र सिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए नारायण पुत्र फता निवासी नूरड़ा घासा हाल नाकोड़ा नगर प्रतापनगर को 15.15 ठााम अवैध एमडीएमए परिवहन करते बाइक सहित गिरफ्तार किया था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने मामले में नारायण को एमडीएमए सप्लाई करने के मामले में आरोपी विनोद निवासी चरमर थाना कुराबड़ हॉल रकमपुरा व शेरसिंह पुत्र प्रतापसिंह निवासी सोलंकियों का बाडा मेडता डबोक हॉल भोईयों की पंचोली प्रतापनगर को गिरफ्तार किया।





